हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 14 मई 2025



# दूसरे प्रदेशों से आकर शहर में ठेला-गुमटी लगाने वालों का नहीं हो रहा वेरिफिकेशन

## बिना वेरिफिकेशन किराये पर रह रहे हजारों लोग, पुलिस के पास कोई रिकार्ड नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

प्रदेशभर में संस्कारधानी की पहचान रखने वाले राजनांदगांव शहर में पिछले कुछ सालों से दूसरे राज्य से आकर बसने वाले लोगों की संख्या में काफी इजाफा देखने को मिला है। इनमें खासकर उत्तरप्रदेश और बिहार जैसे राज्य से अधिक संख्या में लोग शहर आ रहे हैं। इनमें अधिकांश शहर की सड़कों पर ठेला, खोमचा लगाकर फल-सब्जी जैसे व्यापार कर रहे हैं।

चिंता की बात यह है कि दूसरे राज्य से आकर बसने वाले लोगों का पुलिस वेरिफिकेशन तक नहीं कर रही है। जबकि कई दफा इसको लेकर सामाजिक संगठनों ने ज्ञापन सौंप चुका है। हालांकि पुलिस मांग होने पर विज्ञप्ति जारी कर किरायेदारों का पूरा ब्योरा देने की मांग लोगो से करती है, लेकिन उस काम में भी फॉलोअप नहीं लेने के चलते लोग जानकारी नहीं उपलब्ध करा रहे हैं।

यही नहीं पुलिस रिकार्ड के अनुसार ही कई दफा ठेला-गुमटी लगाने वाले ऐसे लोग शहर में कई तरह के अपराध में शामिल रहे हैं। इनमें मारपीट, चोरी जैसी वरदात शामिल है। इसके बावजूद पुलिस का ना जागना और वेरिफिकेशन ना करना सवाल खड़ा कर रहा है। इससे शहर में अपराधों का खतरा बढ़ सकता है, क्योंकि पुलिस के पास ऐसे लोगों का कोई रिकॉर्ड नहीं होता है। शहर में बाहर से आकर रह रहे लोगों का भी वेरिफिकेशन पुलिस नहीं कर रही है। जबकि इस संबंध में कई बार लोगों ने पुलिस से भी मांग की है, क्योंकि बाहर से आकर रह रहे लोगों का पुलिस के पास कोई डाटा नहीं है, जो घटनाओं को अंजाम देने से नहीं चूकते हैं।

### किरायेदारों की जानकारी दे लोग

शहर सहित जिले में आधे से अधिक किरायेदार बिना पुलिस सत्यापन के रह रहे हैं। पिछले दिनों कई अपराधियों की धरपकड़ के दौरान पुलिस को जांच के दौरान ऐसे मामले देखने को मिले। लोग घरों में किरायेदार तो रख लेते हैं, लेकिन सत्यापन नहीं कराते। जबकि यह बहुत हद तक संभव है कि किरायेदार के रूप में आपके घर में अपराधी शरण ले रहा हो। ऐसे में आम लोगों की भी जिम्मेदारी बन जाती है कि किरायेदारों का सत्यापन पुलिस से जरूर कराए।



### छह महीने सजा का प्रावधान

नौकर और किरायेदारों के वेरिफिकेशन को केवल पुलिस ही नहीं यह कानून भी कहता है, आपकी सुरक्षा आपके खुद के हाथ में है। किरायेदार का सत्यापन न कराना सीआरपीसी की धारा 188 के तहत दंडनीय अपराध है। जिसके लिए एक माह की सजा और 200 रुपए का जुर्माना हो सकता है। अगर मकान मालिक की चूक से मानव जीवन के लिए खतरा पैदा होता है तो छह महीने की सजा और 1000 रुपए का जुर्माना हो सकता है।

## शहर में जलापूर्ति पर्याप्त नहीं, भीषण गर्मी में हो रही समस्या

# करोड़ों खर्चने के बाद भी पानी के लिए तरस रहे लोग, टैंकरों के भरोसे शहर!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भीषण गर्मी के बीच शहर में पर्याप्त जलापूर्ति नहीं होने की वजह से लोगों को दिक्कतें होनी शुरू हो गई है। एक तरफ जहां गर्मी के चलते पानी की खपत बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर जल स्तर भी तेजी से घटने के चलते हैंडपंप और बोर से भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

चिंताजनक बात यह है कि पिछले दस सालों में शहर सरकार ने पानी की उपलब्धता के नाम पर सैकड़ों करोड़ रुपए फूंक दिए हैं, लेकिन उसके बाद भी आधे से अधिक वार्ड में पानी की सप्लाई के लिए टैंकर का ही सहारा लेना पड़ रहा है।

शहर की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी में जलस्तर घटने ▸▸ शेष पेज 11 पर

### ■ अमृत योजना भी फेल, सात साल बाद भी अब तक अधूरी!



### घरों में टंकियां भी नहीं भर पा रही है

शहर के अधिकांश घरों के बोर भी इस भीषण गर्मी में जवाब देने लगे हैं। एक बार में भर जाने वाली टंकियों को भरने के लिए दिन में दो-तीन बार बोर चालू करना पड़ रहा है। नगर निगम द्वारा नल के माध्यम से जल प्रदाय करने के वक्त जल संकट को देखते हुए अधिकांश घरों में मोटरा पंप के माध्यम से जल खींचा जा रहा है। ऐसे में जिन घरों में मोटर पंप नहीं है, उनके घर नल की पतली धार के चलते महज तीन-चार बाल्टी पानी ही मिल पा रहा है। इन घरों में पेयजल का संकट भी बना हुआ है।

### कूलर और शौचालय में पानी नहीं

गर्मी की वजह से प्राय सभी घरों में कूलर चल रहे हैं, लेकिन कूलर में भरने के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है। जल संकट के चलते नहाने और शौचालय में भी पानी की समस्या बनी हुई है। नगर निगम द्वारा पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं करने से लोग आसपास के सार्वजनिक हैंडपंप पर भी जा रहे हैं, लेकिन हैंडपंप में भी जलस्तर घटने की वजह से पानी काफी देर से आ रहा है। हैंडपंप में भी काफी मशक्कत से लोग पानी भर रहे।

# बारात में मोबाइल को लेकर विवाद पर हत्या मामले में 5 नाबालिग सहित आठ गिरफ्तार

## बारात में गढ़वा बजाने आया था मृतक, आरोपियों ने चाकू से वार कर की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बालोद जिले के रनचिरई थाना अंतर्गत मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद में हत्या मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। राजनांदगांव के बसंतपुर इलाके के निवासी इन आठ आरोपियों में पांच नाबालिग भी शामिल हैं। इन सभी आरोपियों ने धारदार चाकू व कड़ा से मृतक पर वार किया था। आरोपियों को न्यायलय में पेश किया गया।

उल्लेखनीय है कि बीते 11 मई को बालोद जिले के रनचिरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिचबोड़ में राजनांदगांव से बारात गई थी। इस दौरान दूल्हे के साथ आए युवकों में से एक का मोबाइल फोन रास्ते में गिरा था, जिसे गढ़वा बाजा बजाने आए एक युवक ने रख लिया था। मोबाइल पर फोन आने पर युवक ने बताया था कि फोन रास्ते पर गिरा हुआ था तो उसने उठा लिया है। जानकारी मिलने के बाद शाम करीब सात बजे आरोपी लक्ष्य ठाकुर अपने अन्य सात दोस्तों के साथ पहुंचा था। युवक ने लक्ष्य को उसका फोन लौटा दिया और बदले में नाश्ता-पानी के लिए 50-100 रुपए खर्चा पानी देने की बात कही। जिसको लेकर ही यह पूरा विवाद शुरू हुआ था।

### खास बातें

- नांदगांव से बालोद गई थी बारात
- मोबाइल फोन को लेकर हुआ था युवकों में विवाद
- कुल 8 गिरफ्तार


मृतक रामप्रसाद

यह रहे आरोपी


इन धाराओं के तहत एफआईआर : मामले में बालोद जिले के रनचिरई थाना में आरोपियों के खिलाफ धारा 103, 191(2) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में पांच नाबालिग को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

### हाथ, पैर के साथ चाकू से वार

दर्ज एफआईआर के मुताबिक आरोपियों ने मृतक रामप्रसाद के साथ ही उसके मित्र सतीश कुमार के साथ भी मारपीट की थी। आरोपियों ने इन दोनों को पहले हाथ, पैर से मारपीट किया। जिसके बाद जान से मारने की नियत से धारदार चाकू से वार किया। चाकू से रामप्रसाद की कमर में वार किया गया। जिसके चलते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों से स्टील का चाकू सहित लोहे का कड़ा भी जब्त किया है।

### यह आरोपी गिरफ्तार

हत्या के मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें तीन बालिग एवं पांच नाबालिग शामिल हैं। सभी आठ आरोपी राजनांदगांव शहर के बसंतपुर इलाके से हैं। आरोपियों में लक्ष्य ठाकुर पिता हृदय ठाकुर 19 वर्ष निवासी बसंतपुर, दीपक यादव पिता हेमंत यादव 21 वर्ष निवासी बसंतपुर व अभय राजपूत पिता अजय राजपूत 18 वर्ष निवासी बसंतपुर शामिल हैं।



## खबर संक्षेप

### बिजली गुल होने से ग्रामीण हलाकान



**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने बिजली समस्या को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि सरकार बदलने के बाद से ग्रामीणों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है जबकि छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली वाला राज्य है। विभाग मुख्यमंत्री के पास होने के बाद भी बिजली के अधिकारी कर्मचारी पर उनका नियंत्रण नहीं है।

### मंदिर जीर्णोद्धार के लिए भूमिपूजन



**डोंगरगढ़।** शिवाजी वार्ड 23 तालाब पार स्थित पुराने शिव मंदिर का जीर्णोद्धार मोहल्लेवासियों के सहयोग से किया जाना प्रस्तावित है।जीर्णोद्धार कार्य का गत दिनों नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। पुराने शिव मंदिर के स्थान पर नवीन मंदिर बनाकर स्थापित करने का संकल्प वार्डवासियों ने लिया है। तालाब से लगा होने के कारण मंदिर हमेशा आकर्षण का केंद्र रहता है। भूमिपूजन के दौरान पार्षद सुमित ताम्रकार, विजयावर, बाल गोपाल सहारे, बाल सखा सहारे, खेदू उइके, छगन यादव, मीनू यादव, मिथलेश उइके, गणेश यादव, सुनील यादव, कमलेश विजयवार, वार्डवासियों के साथ पेंशनर संघ के सदस्य आदि उपस्थित थे।

### उल्लास से मनाया बुद्ध पूर्णिमा



**रामाटोला।** ग्राम मानिकपुर में तथागत गौतम बुद्ध की 2569 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बुद्ध पूर्णिमा को सर्वप्रथम समाज प्रमुखों ने भगवान बुद्ध एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात सामूहिक वंदना की गई। समाज प्रमुखों ने बुद्ध के मार्ग पर चलने और अनुशरण करने की बात कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक लोग शामिल हुए।

### जलावर्धन योजना में खर्च हो चुके 12 करोड़

# गहराया जल संकट, तपती दोपहरी में पानी भरने विवश महिलाएं

## योजना फेल, नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

गर्मी बढ़ने के साथ शहर के विभिन्न वार्डों में पानी के लिए हाय तौबा शुरू हो गई है। पानी की समस्या से सर्वाधित गरीब तबके के लोग परेशान हो रहे हैं वजह यह है कि नल से पानी आने का समय तय नहीं है। जब एक बड़ी आबादी घरों के अंदर आराम फरमाते रहती है तब बोधीटोला, देवारपारा, साकेतधाम, मटिया सहित अन्य क्षेत्र के लोग तेज धूप के बीच पानी भरते रहते हैं।

उल्लेखनीय है कि शहर के लोगों को पर्याप्त और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करीब 12 करोड़ की लागत से जल आवर्धन योजना का निर्माण किया गया है। पेयजल सप्लाई के लिए करीब आठ साल पहले पाईप लाईन का विस्तार भी किया जा चुका है। जैसे तैसे जल आवर्धन योजना बन कर तैयार हो गई किन्तु ट्रायल अवधि के दौरान दर्री एनीकट के ध्वस्त होने के बाद से पूरी योजना बंद पड़ी है। वर्तमान में हालत यह है कि शहर के कई इलाके के लोगों को इन दिनों पेयजल संकट से दो चार होना पड़ रहा है। कुछ जगह पानी पहुंचता भी रहा है तो वह इतना कम होता है कि जरूरत पूरी नहीं कर पाता।



### पाईप लाइन में नहीं बही धारा

लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग ने 12 करोड़ की लागत से जल आवर्धन योजना का निर्माण किया है। योजना के तहत फिल्टर प्लांट, पानी टंकी का निर्माण करने के अलावा पाइप लाइन बिछाया गया है। 2017 में पाइप लाइन का काम कराने के बाद से अब तक उससे लोगों के घरो तक पानी पहुंचना चालू नहीं हुआ है।

### लापरवाही किसी की, सजा किसी को

भारी बारिश होने के बाद भी गेट नहीं खोलने के कारण दरी एनिकट क्षतिग्रस्त हो गया था। एनीकट क्षतिग्रस्त होने के साथ ही 12 करोड़ की लागत वाली जल आवर्धन योजना भी चरमरा गई। भारतीय पब्लिक स्कूल के पास बनाया गया फिल्टर प्लांट भी बंद है। योजना के तहत बनी टंकियां भी सूखी खड़ी है। तत्कालीन अफसरों की लापरवाही का खामियाजा शहर के लोगों को भुगताना पड़ रहा है।

### जनसामान्य और मरीज संकट में

वार्ड 11 और 12 के लोगों ने बताया कि पूर्ववर्ती कार्यकारिणी के कार्यकाल में पर्याप्त पानी मिलता था। नपं की सत्ता बदलने के बाद से पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है। नल कभी 10 तो कभी 12 बजे खुलता है। कई बार तो ऐसा भी होता है कि नल के खुलने का घंटो इंतजार करना पड़ता है तब वह अपरान्ह बाद खुलता है। करीब एक घंटे चलने के बाद बंद हो जाता है। हालत यह रहती है पानी की धार इतनी पतली रहती है पर्याप्त पानी लोगों को नहीं मिल पाता। कुछ मोहल्ले में हैंडपंप है तो महीनों से बंद हैं। इसी प्रकार वार्ड 15 में बनी कालोनी के लोग सालों से गंभीर जल संकट से जूझ रहे है। यहां के लोगों को करीब आधा किमी दूर स्थित सड़क पर आने वाले टैंकर या नपं कार्यालय से पानी लाना पड़ रहा है। शहर में व्याप्त जल संकट का बड़ा असर इन दिनों सरकारी हास्पिटल में भी देखने मिल रहा है। यहां भर्ती मरीजों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। लेब के कर्मचारी भी जल संकट से जूझ रहे हैं।बीते दिनों कर्मचारियों संकट के समाधान के लिए ज्ञापन भी सौंपा था किन्तु पानी का इंतजाम नहीं हो सका है।

# प्रज्ञागिरी ट्रस्ट ने श्रद्धा के साथ मनाया बुद्ध पूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रज्ञागिरि ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में तथागत गौतम बुद्ध की 2569 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम धर्मगुरु भदंत कुमार कश्यप ने बुद्ध एवं अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद विधि-विधान से परित्राण पाठ और सामूहिक वंदना की गई।

भगवान बुद्ध की 30 फुट ऊंची प्रतिमा के पास ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद खांडेकर ने मोमबत्ती प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर श्री खाण्डेकर ने कहा कि भगवान बुद्ध ने विश्व को शांति का संदेश दिया। हम उनके मार्ग का अनुसरण कर रहे हैं। प्रज्ञागिरी में बुद्ध धर्म के प्रचार प्रसार के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं प्रज्ञागिरी तीर्थ क्षेत्र बुद्ध धर्म का प्रचार का केंद्र है जहां देश-विदेश से धम्म गुरु आते है। उनके मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में लोग बौद्ध धर्म की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ट्रस्ट



उपाध्यक्ष धीरज मेश्राम सहित अन्य ने भी संबोधित किया। अंत में खीर पुड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शैलेंद्र डोंगरे, सुरेश सहारे, विजय टेबुलकर, धन्नालाल गणवीर, संतोष लांजेवर, सुरेश अंबादे, संजय रामटेके, सुनील नागदौने, प्रमोद टेम्बुलकर, किशोर रामटेके, ज्योतसिंह कोटागले, कृष्ण इंदुलकर, आनंद बौद्ध, नरेश रामटेके, विशु खांडेकर, विजय ऊके, राधे बोदलकर, रूपेश भास्कर, जितेन्द्र वालदे, चंद्रशेखर बोरकर सहित बड़ी संख्या में उपासक उपसिकाएं उपस्थित थे।

# किसान का बेटा जिले में प्रथम



- धनंजय को 12वीं में मिले 95 .20 फीसदी अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

अचानकपुर निवासी किसान परिवार के बेटे धनंजय साहू ने अपनी प्रतिभा और लगन से कक्षा 12 वीं की परीक्षा में 95.20 प्रतिशत अंक हासिल किया है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ठाकुरटोला के छात्र धनंजय ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस अभूतपूर्व सफलता से गांव, समाज और परिवार गौरवान्वित हुआ है, बल्कि पूरे वनांचल में खुशी की लहर है। बिना कोचिंग के केवल अपने स्कूल के शिक्षकों और माता-पिता के मार्गदर्शन में अध्ययन करते हुए धनंजय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इससे पहले उन्होंने कक्षा 10 वीं में भी 91.23 फीसदी अंक प्राप्त किए थे। इससे पहले किसी ने भी 12वीं में इतने अंक प्राप्त नहीं किए थे। परिणाम आने के बाद से धनंजय को सम्मानित करने वालों का तांता लगा रहा। शिक्षक लिलेंद्र वर्मा, प्यारेलाल फूलमाली, मनोज साहू, पूर्व उप सरपंच मंथराम कवर ने उन्हें बुके और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।

### खेती किसानी में मदद

मध्यमवर्गीय किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाला धनंजय पढ़ाई के साथ पिता की खेती-किसानी के काम में भी पूरा सहयोग करता है। अपनी सफलता पर धनंजय ने कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चों में भी प्रतिभा होती है। उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वह भी आगे बढ़ सकते हैं। धनंजय के माता-पिता, सुदामा साहू, देवा साहू और भिनू साहू सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने उसकी उपलब्धि को गौरवशाली बताया है। पता चला है कि शासन की योजना के तहत वन विभाग तेंदूपत्ता की ओर से धनंजय को 25 हजार की प्रोत्साहन राशि मिलेगी।



### जिले में सातवां स्थान पर रही खिलेश्वरी

**मुढ़ीपार।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंडारपुर की छात्रा खिलेश्वरी वर्मा ने कक्षा दसवीं की परीक्षा में 94.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम और केसीजी जिले में सातवां स्थान प्राप्त किया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य राघवेंद्र सिन्हा, शिक्षक सहित परिवारजनों ने हर्ष व्याप्त करते हुए बधाई दी है।

# तिरंगा चौक में जाम से सबसे ज्यादा परेशानी

## नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न मार्गों में बढ़ा यातायात का दबाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जिले का दूसरा सबसे बड़ा नगर गंडई इन दिनों व्यापारिक गतिविधियों के बढ़ने के साथ ही यातायात के दबाव से जूझ रहा है। नगर के मुख्य तिराहे तिरंगा चौक पर तीन प्रमुख मार्गों का संगम होने के कारण यहां दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है, जिसके चलते अक्सर जाम की स्थिति निर्मित होने लगी है।कवर्धा, रायपुर और राजनांदगांव को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण तिराहे पर रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। मालवाहक, दर्जनों यात्री बसों और सैकड़ों मोटर साइकिलों का प्रतिदिन इसी चौक से गुजरना दबाव का मुख्य कारण है।

गंडई से पंडरिया मार्ग पर स्थित शासकीय अस्पताल जाने वाली एम्बुलेंस और पुलिस की 112 जैसी आपातकालीन सेवाओं के वाहन भी इसी चौक से गुजरते है। जाम के कारण इन वाहनों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकर, विधायक यशोदा वर्मा और अन्य नेताओं का भी दुर्ग, रायपुर, कवर्धा और राजनांदगांव आना-जाना इसी मार्ग से होता है, और उन्हें भी कभी-कभार जाम की समस्या से दो-चार होना पड़ता है।

### ट्रैफिक पुलिस की मांग

वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नागरिक तिरंगा चौक पर ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लगाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि ट्रैफिक पुलिस की तैनाती से यातायात व्यवस्था को सुधारा जा सकता है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारों पर बेतरतीब पार्किंग, सड़क तक व्यापारियों का अतिक्रमण और तेज गति से बाइक चलाने वालों के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनती है। ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति के कारण नाबालिग बच्चे भी तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए चौक से गुजरते हैं, और लोग एक बाइक पर तीन-तीन सवार होकर चलते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। तिरंगा चौक पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की जाती है, तो इन अव्यवस्थाओं पर लगाम लगाया जा सकेगा और यातायात को सुचारू बनाने में मदद मिलेगी। व्यापारी मज्जू खान का कहना है कि रविवार को जाम की स्थिति रहती है। शीतला मंदिर के पुजारी शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि वह अक्सर गंडई जाते है। तिरंगा चौक में जाम की स्थिति रहती है। यह जाम रविवारीय बाजार के दिन और भी तकलीफ दायक रहता है।

### ध्यानाकर्षण कराया जाएगा

भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि लोग तिरंगा चौक में ट्रैफिक पुलिस की मांग कर रहे है। इस ओर शीर्ष के नेताओ का ध्यानाकर्षण कराते हुए उच्च अधिकारियों से मिलकर तैनाती का प्रयास किया जाएगा।

### भर्रीटोला में समाधान शिविर का आयोजन

# प्रधानमंत्री ने आकांक्षी जिला बनाकर विकास की ओर किया अग्रसर : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

ग्राम पंचायत भर्रीटोला में मंगलवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते लाभान्वित किया गया। भर्रीटोला में आयोजित समाधान शिविर 1881 के हितग्राहियों के लिए खुशियां लेकर आया। सुशासन तिहार के अंतर्गत समस्या और मांगों से संबंधित आवेदन प्रेषित किया गया था। आवेदकों की मंशानुसार समस्याओं और मांगों का निदान करते लाभान्वित किया गया।

भर्रीटोला में आयोजित समाधान शिविर में मंगलवार को 1881 आवेदनों का निराकरण करते ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री और चेक वितरित किया गया। कलस्टर के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए ग्रामीणों को उत्साहजनक माहौल में अपनी समस्याओं से निदान पाने का सुनहरा अवसर साबित हुआ।

सांसद संतोष पाण्डेय ने शिविर में शिरकत करते नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और सेवाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को आकांक्षी जिला घोषित कर विकास की अनेक कार्यक्रम को संचालित करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी आकांक्षी जिलों की श्रेणी में आने से तेज गति से विकास हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि सुशासन तिहार जनता की समस्याओं और मांगों की पूर्ति करने की दिशा में एक सार्थक कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लें।




### समस्या हल करने के निर्देश

समाधान शिविर में कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने विभागीय अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनसामान्य की समस्याओं और मांगों की पूर्ति की दिशा में गंभीरता से कार्रवाई करते गुणात्मक निराकरण करें। कलेक्टर की मौजूदगी में समाधान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में विधायक इंद्रशाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिपं उपाध्यक्ष भोजेश शाह, जनपद अध्यक्ष देवानंद कौशिक, उपाध्यक्ष पुष्पाबाई मंडावी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी अमितनाथ योगी, जनपद मानपुर के सीईओ हनीश मोहम्मद एवं अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पांच को मिली घर की चाबी

भर्रीटोला में आयोजित समाधान शिविर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति दीदियों ने अपने प्रगति और सफलता की कहानी साझा की। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री व चेक वितरित कर लाभान्वित किया गया। शिविर में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत 40 हितग्राहियों को शौचालय निर्माण स्वीकृति पत्र प्रदाय किया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर आवास पूर्णता का चाबी प्रदाय किया गया। 20 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। 5 किसानों को राजस्व विभाग द्वारा ऋण पुस्तिका वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को नलकूप खनन पंजीयन पत्रक वितरित किया गया। इसी प्रकार 10 किसानों को धान बीज वितरित किया गया। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखकर पुलिस प्रशासन द्वारा 21 मोटर साइकिल चालकों को हेलमेट वितरित किया गया। स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए महिला समूह को सम्मानित किया गया।

# आंधी से फसल तबाह, कर्ज चुकाने की चिंता



**सड़क अतरिया।** खराब मौसम ने बीते दिनों फसल पर काफी कहर ढाया है। बर्बादी का मंजर खेतों में साफ दिखाई दे रहा है। कही ओले तो कही तेज आंधी ने पपीता, केला, आम आदि फसल को बर्बाद कर दिया है। जीराटोला, ओटेबंद, जंगलपुर, पंडरिया के किसानों ने बताया कि आंधी और ओला वृष्टि से एक बड़े रकबा की फसल चौपट हो गई। किसानों ने बताया कि केला के पौधे तहस नहस हो गए हैं। वही ओला वृष्टि ने पपीता की फसल को नुकसान पहुंचाया है। किसानों ने बताया की पपीता का फसल तैयार होकर पकने लगी थी ऐसे समय पर ओला वृष्टि ने फलों को बर्बाद कर दिया है। खाद, बीज, दवा आदि पर लाखों रूपये खर्च किया जा चुका था। फसल बर्बाद होने से कृषक गहरी चिंता में है। बहुत से कृषकों ने कर्ज लेकर फसल बोआई किया था उन्हें कर्ज चुकाने की चिंता सताने लगी है।

# हाईस्कूल भवन का भूमिपूजन

- 56 लाख की लागत से भवन निर्माण प्रस्तावित

**छुरिया।** ग्राम मोरकुटुम्ब में लगभग 56 लाख की लागत से बनने वाले हाईस्कूल भवन का भूमिपूजन जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने किया। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। शुरुआत में छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने कहा कि हाईस्कूल निर्माण से पांच छह गांव के बच्चों को सुविधा मिलेगी।

अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि शिक्षा व्यक्तियों को अपनी व्यक्तिगत क्षमता तक पहुंचने और जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करती है। यह उन्हें अपने जीवन में सार्थक और उद्देश्यपूर्ण बनाने में मदद करता है। इससे पहले स्वागत उद्बोधन हरदेव कतलाम व माया राम साहू ने दिया। इस अवसर पर रविन्द्र वैष्णव, एमडी ठाकुर, चन्द्रिका डड़सेना, बीरम मंडावी, राधिका चन्द्रवंशी, शेखर भारद्वाज, कुंदन बडोले, भुखन धनकर, धन्ना यादव, मयाराम साहु, नीरज यादव, रामकुमार मंडावी, ललित साहू, देवानंद सहारे, विशाखाबाई, ललित साहु, जयसिंह ठाकुर, सुरेश सोरी, रूपचंद उइके, परसुराम मंडावी, गेंदसिंह ठाकुर, पल्टन साहु, मानिक चन्द्रवशी, ज्ञानसिंह सोरी आदि मौजूद थे।



HEALTH TOWN
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### रिद्धी जैन का सुयश

**सड़क अतरिया।** सड़क अतरिया की रिद्धी जैन ने इंडियन हाईट्स पब्लिक स्कूल से पांचवीं की परीक्षा में 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गौरवान्वित किया। उसने सभी विषय में उत्कृष्ट अंक हासिल किया है। छात्रा के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्राचार्य अश्वनी पटेल, शिक्षक पूजा, नेहा महोबिया, मीरा यादव, खुशबु, मनीष शर्मा, करूणा यादव, केवल चंद, पिता ललित जैन, महेश जैन, नितेश नाहटा ने बधाई दिया है।



पेज 09 का शेष

### करोड़ों खर्चने के...

लिया गया है, लेकिन शहर के लोगों को पर्याप्त पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। शहर के अधिकांश वार्डों में महज 20- 25 मिनट ही नल चल रहा है। जिससे पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है। दशकों बाद भीषण गर्मी के बीच शहर में इस तरह का जल संकट बना हुआ है। नगर निगम द्वारा गर्मी के दिनों में भी दोनों समय जलापूर्ति की जाती रही है, लेकिन इस वर्ष एक दिन छोड़कर दो टाइम जलापूर्ति की जा रही है। जिसके चलते घरों में पानी की समस्या हो रही है।

## निधन

### सूरज तिवारी

**डोंगरगढ़।** चंद्रप्रकाश तिवारी के छोटे भाई सूरज तिवारी का आज आकस्मिक निधन शाम 5 बजे हो गया। सूरज तिवारी डॉ. महेश तिवारी एवं जय तिवारी के चाचा थे। जिनकी अंतिम यात्रा कल सुबह 10 बजे उनके निवास से छीरपानी मुक्तिधाम जाएगी।



### दूर-दूर से लोग अपनी मांगों और समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे

# सुशासन तिहार, बकरकट्टा में 6435 आवेदनों का निराकरण

## शिविर में शिकायती आवेदन मिले 50

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासन की मंशानुरूप शासकीय योजनाओं को पारदर्शी ढंग से आम जनता तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को निर्धारित समय में लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले में लगातार सुशासन तिहार अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वनांचल क्षेत्र के ग्राम बकरकट्टा में आयोजित शिविर में दूर दूर से लोग अपनी मांगों और समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे।

कलस्टर से कुल 6 हजार 485 आवेदन मिला जिसमें सर्वाधिक मांग संबंधी 6 हजार 435 आवेदन था जबकि शिकायती आवेदन 50 मिला। 6 हजार 307 आवेदनों का मौके पर ही कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों ने निराकरण किया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिपं सीईओ प्रमे कुमार पटेल सहित प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया जिन्होंने बारी बारी से योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से पता चला कि इस क्षेत्र में ज्यादातर महिलाओं के हीमोग्लोबिन का मानक स्तर कम है, जो एक चिंताजनक विषय और खानपान में पोषक तत्वों की कमी का परिणाम है। उन्होंने अपने आहार में आयरन युक्त व पौष्टिक भोजन शामिल करने की अपील की वही रोजगार के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए संबंधित विभागों को रोजगार मूलक कार्यों को प्रोत्साहित करने कहा। शिविर में मिले राशन कार्ड, वन अधिकार पत्र व पट्टों से संबंधित आवेदनों को नियमानुसार हल करने कहा और बताया कि आवेदनों के निराकरण की स्थिति जानने अब प्रत्येक शिविर में समाधान काउंटर स्थापित किया गया है, जहाँ आवेदनों की स्थिति और समाधान की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।




### मिला मौके पर मनरेगा जॉब कार्ड

बकरकट्टा में सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित शिविर में रेखचंद सिंह, रोहित पटेल और किसुन पटेल को मनरेगा योजना तहत पहले चरण में आवेदन करते ही प्रक्रिया बाद तत्काल जॉब कार्ड मिल गया जिससे उनके चेहरे पर प्रसन्नता झलक उठी। जॉब कार्ड मिलने से प्रसन्न ग्रामीणों ने कहा कि मनरेगा के तहत गांव में संचालित निर्माण और विकास कार्यों में नियमित रूप से काम कर सकेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और जीवन स्तर में सुधार आएगा। उन्होंने बताया कि पहले वे सिर्फ खेतों और घरेलू कार्यों में मजदूरी करते थे, लेकिन अब सरकारी योजना के तहत उन्हें स्थायी कार्य के अवसर मिलेगा। तीनों हितग्राहियों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार ने उनकी सालो पुरानी मांग को न सिर्फ सुना, बल्कि तुरंत पूरा भी किया।

### जिले में चौथा शिविर

जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में चौथा शिविर मैकल पर्वत में अवस्थित बैगा बाहुल्य ग्राम बकरकट्टा में आयोजित किया गया है। सुशासन के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि इसका अर्थ ऐसा शासन, जो जनता के हित में कार्य करे, शासकीय योजनाओं और सेवाओं को नागरिकों तक पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावशीलता के साथ पहुंचाना है। जनप्रतिनिधियों ने क्लस्टर स्तर पर आयोजित हो रहे शिविरों की उपयोगिता को लेकर आम जनता से अपील की है कि वे इन शिविरों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि ये शिविर न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम हैं, बल्कि आमजन की समस्याओं के निराकरण व सेवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने का सशक्त प्रयास भी हैं।

### महिलाओं का कराया अन्नप्रासन्न व गोद भराई

शिविर में जनप्रतिनिधियों द्वारा 5 शिशुवती व गर्भवती महिलाओं का अन्नप्राशन व गोदभराई कर उन्हें सुपोषण टोकरी दिया गया। किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील साथ सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। आयुष्मान कार्ड पंजीयन साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जांच बाद व दवाई का वितरण किया गया। खाद्य विभाग द्वारा 12 को राशन कार्ड, मत्स्य विभाग द्वारा 2 को महाजाल, कृषि विभाग द्वारा 5 को अरहर बीज, उद्यानिकी विभाग द्वारा 13 को सब्जी बीज, पंचायत विभाग द्वारा 5 को जॉब कार्ड और 7 लोगों को पीएम आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति आदेश, मबाविवि द्वारा 2 को नोनी सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रमाण पत्र, शिक्षा विभाग द्वारा 07 लोगो को माइक्रोस्कोप और साइंस किट, कृषि विभाग द्वारा 02 लोगों को नलकूप पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिपं सदस्य व सभापति छुईखदान हेमलता मंडावी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा, जनपद सदस्य डोमार कोड़े, सरपंच मगीन बाई पटेल, सरपंच लीला बाई, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्मन ताम्रकार, एसडीएम छुईखदान अविनाश ठाकुर, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, जनपद सीईओ रवि कुमार सहित अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधियो सहित बड़ी संख्या में दर्जनभर गॉवो के ग्रामीण मौजूद थे।

# माता-पिता के साथ दी आत्महत्या की चेतावनी




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रोती-बिलखती, हाथों में न्याय देने या मौत देने की मांग का बैनर लेकर जिले के ग्राम बोदेला से एक महिला कलेक्टोरेट कार्यालय में न्याय की गुहार लगाती रही। कभी वह अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराज होती, तो कभी वह दबंगों के प्रताड़ना को लेकर अपने परिवार के लिए न्याय मांगती।

कलेक्टोरेट कार्यालय में महिला की रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। इस दौरान सुरक्षा पर तैनात पुलिस कर्मियों ने महिला को समझाया, लेकिन महिला द्वारा त्वरित न्याय देने की मांग की जाती रही। लगभग एक वर्ष से आवेदन लेकर सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते महिला थक चुकी है और अब न्याय के लिए प्रशासन को 5 दिन का समय दिया है।

### फ्लैक्स में शिकायत लेकर पहुंची महिला

गांव के कुछ लोगों द्वारा प्रताड़ित करने का नामजद फ्लैक्स लेकर पहुंची पीड़िता कामिनी श्रीवास ने कहा कि वह लगभग एक साल से तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टोरेट कार्यालय के चक्कर काट रही है। पीड़िता ने कहा कि उनके पूर्वज की जमीन पर वह अपने माता-पिता के साथ लोन निकालकर घर बना रही है। उसने कहा कि गांव के कुछ प्रमुख लोग खेमलाल साहू, हीरामन साहू, मंथिर साहू, सुरेंद्र लिलहारे, विजय वर्मा, कृष्ण वर्मा द्वारा उनके मकान निर्माण रोकने के लिए स्टे लगा दिया गया है। कामिनी श्रीवास ने कहा कि गली का चौड़ीकरण करने के लिए घर का चौरा देने की मांग की जा रही थी। इस वजह से रोक लगा दी गई।

### आत्महत्या की चेतावनी

कलेक्टोरेट कार्यालय न्याय मांगने पहुंची कामिनी ने कहा कि गांव के ही यादव परिवार द्वारा सोमवार को उनके माता-पिता के साथ मारपीट की गई। वहीं पीड़िता ने कहा कि उसे मकान निर्माण शुरू करने की अनुमति दी जाए। इसके लिए पीड़िता ने 5 दिन का समय प्रशासन को दिया है और 5 दिन में काम शुरू नहीं हुआ तो कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने अपने माता-पिता के साथ आत्महत्या करने की चेतावनी दी।

### थाना प्रभारी को समाधान के लिए बोला

इस मामले को लेकर अतिरिक्त कलेक्टर सीएल मारकंडे ने कहा कि तुमडीबोड थाना क्षेत्र अंतर्गत बोदेला की सरोज श्रीवास मकान बना रही है, जो डोर लेवल तक बन चुका है। वहीं बगल में ही खेमलाल का मकान है। जिसका बरसात का पानी उसके घर में गिरता है। गांव में समझौता भी हुआ था कि बारिश का पानी उसके घर में नहीं गिराएंगे, लेकिन खेमलाल मानने तैयार नहीं है। थाना प्रभारी को समस्या का समाधान करने बोला गया।

### निःशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर आज से

**राजनांदगांव।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा प्रतिवर्ष जिले के खिलाड़ियों के लिए निःशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में लगाया जाता है। इस वर्ष भी यह ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 14 मई से प्रारंभ होने जा रहा है। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने झारखंड के प्रमुख प्रशिक्षक संजय कुमार पांडे को नियुक्त किया है। श्री पांडे 2009 से लगातार देश के प्रमुख प्रशिक्षण शिविरों में कोच के रूप में नियुक्त रहे हैं।

# होटल के पास हुल्लड, आरोपियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होटल के पास हुल्लड कर परिशांति भंग करने वालों के विरूद्ध पुलिस ने कार्रवाई की है। वहीं जर्दायुक्त गुटखा बिक्री करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को गत रात्रि सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा होटल अवाना के पास हो हुडदंग कर रहे, जिसे वहां पर उपस्थित लोगों द्वारा समझाईश दिया गया, किन्तु वे लोग नहीं मान रहे हैं। पुलिस को सूचना प्राप्त होने के उपरांत निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में परिशांति कायम रखने हेतु टीम गठित कर आवश्यक कार्रवाई हेतु रवाना किया गया।



### 140 पैकेट जर्दायुक्त गुटखा बरामद

इसी प्रकार पुलिस को 12 मई को सूचना प्राप्त हुआ कि सागर मंजन 29 साल निवासी सिंधी कॉलोनी सार्वजनिक रूप से छग शासन द्वारा प्रतिबंधित जर्दायुक्त गुटखा को बिक्री करने हेतु रखा है। सूचना पर रेड कार्रवाई कर अनावेदक सागर मंजन के कब्जे से 140 पैकेट जर्दायुक्त गुटखा जब्त कर अनावेदक के विरूद्ध कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया तथा अनावेदक के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

अनावेदकों द्वारा पुलिस की उपस्थिति में आक्रोशित होकर हो-हुल्लड करने लगे। आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर अनावेदक रमेश उर्फ बादल 33 साल निवासी चौखड़ियापारा, मो. अफजल खान 23 साल प्रभात नगर, सेवकराम उर्फ अज्जू 19 साल शंकरपुर, चंदन उर्फ सोहन गणवीर 21 साल प्रभात नगर को गिरफ्तार कर माननीय एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया एवं माननीय न्यायालय से उपरोक्त आवेदकगणों का जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

### नर्स दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर शहर के समीप पनेका रोड स्थित अग्नि प्रार्थना सेवा संस्थान द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मानव सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाली नर्सों का सम्मान किया गया। इस दौरान नर्सों की सेवाओं की सरहाना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी अमित दान ने नर्सों की सेवा, समर्पण भावना और मानवता के प्रति योगदान की तारीफ की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रूबी दान प्रिंसिपल कन्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने नर्सों को समाज की रीढ़ बताते कहा कि वे स्वास्थ्य क्षेत्र की सच्ची योद्धा है। इस अवसर पर कई नर्सों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, स्वास्थ्यकर्मी और स्थानीय निवासी और अग्नि प्रार्थना सेवा संस्थान के सदस्य उपस्थित रहे।

# वाहन छोड़ फरार हुए मवेशी तस्कर पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिकअप वाहन में मवेशियों की तस्करी करते वक्त पुलिस को देख आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए थे। जिनकी पता तलाश कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 11 मई को थाना गैंदाटोला पुलिस को रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मातेखेड़ा से ग्राम मासूल होते हुए एक पिकअप वाहन का चालक अपने उक्त वाहन में मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर भरकर क्रूरतापूर्वक महाराष्ट्र ककोड़ी कत्लखाना की ओर ले जा रहा है, जिस पर मौके पर रेड कार्रवाई किया। रेड कार्रवाई के दौरान पुलिस को पीछे आता देखकर पिकअप वाहन का चालक और उसका साथी पकड़े जाने के भय से अपने उक्त वाहन को रोड़ में छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल पहाड़ी की ओर फरार हो गए थे। उक्त पिकअप वाहन चालक के विरुद्ध छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 6, 4, 10 एवं पशुक्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध करने उपरांत लगातार आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था।



### दो पर कार्रवाई

आरोपी द्वारा अपने उक्त वाहन में अपना लावा कंपनी का की-पैड मोबाइल भूल गया था। जिसके माध्यम से तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी संजय साहू 25 वर्ष निवासी ग्राम जंतर व इफान साहू 20 वर्ष निवासी आतरगांव को 13 मई को थाना लाकर पूछताछ किया गया, जिन्होंने 11 मई को पिकअप वाहन में 14 नग गाय वंशी मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर ग्राम खेरथा थाना एवं जिला बालोद से ककोड़ी कत्लखाना महाराष्ट्र ले जाना स्वीकार किया, जिन्हें विधिवत गिरफ्तार कर 13 मई को माननीय न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया गया।

### नौकरी लगाने के नाम पर की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर छह लाख रुपए की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 9 जनवरी को प्रार्थी ने आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि राजेश कुमार महिलांग द्वारा वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 6 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी किया है। रिपोर्ट पर धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। पुलिस के अनुसार चौकी चिखली स्टाफ द्वारा आरोपी की पतासाजी हेतु टीम तैयार कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था। मुखबीर से पुख्ता सूचना प्राप्त हुआ कि आरोपी टोलागांव में छिपा हुआ है। तत्काल टोलागांव में दबिश देकर घेराबंदी कर 11 मई को आरोपी राजेश कुमार महिलांग 59 साल पदुमतरा को पकड़ा गया।

### आरोपी पर कार्रवाई

आरोपी से पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया, जो अपराध करना स्वीकार कर प्रार्थी से प्राप्त रकम में से 5000 रुपए बचा होना एवं शेष रकम को खर्च हो जाना बताकर 5000 रुपए को बरामद कराया। पुलिस ने आरोपी पर कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल दाखिल किया गया।

### परिचय सम्मेलन 25 से

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की मंगल परिणय टीम द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जूम मीटिंग के माध्यम से एक भव्य ऑनलाइन परिचय सम्मेलन का आयोजन आगामी 25 व 26 मई को किया जा रहा है। इसका माध्यम जूम (ऑनलाइन) होगा। महिला संगठन की प्रांतीय अध्यक्षा गंगा अग्रवाल एवं महामंत्री निधि अग्रवाल ने बताया कि कोई भी अग्रवाल बंधु अपने घर पर रहकर भी इस परिचय सम्मेलन का हिस्सा बन सकते हैं। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा बनाए गए 18 आयोग में से एक मंगल परिणय आयोग की संयोजिका शोभा केडिया कोरबा ने बताया कि मीटिंग में जुड़ने से पहले उन्हें निःशुल्क अग्रिम पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इसका जूम लिंक 25 मई को सुबह व्हाट्सएप एवं मीडिया के माध्यम से लोगों को उपलब्ध होगा। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन सम्मेलन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# मनगटा रिसोर्ट में मारपीट, वाहनों में तोड़फोड़

**राजनांदगांव।** मनगटा के एक रिसोर्ट में जन्मदिन मना रहे युवकों से कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। घटना की रिपोर्ट पर सोमनी थाना में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत मनगटा स्थित मिराकल रिसोर्ट में 11 मई को रात दस बजे जमकर मारपीट की घटना हुई। इस मामले में प्रार्थी तरूण कुमार साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि अपने दो विष्णु, पूर्णम, आकाश एवं अन्य दोस्तों के साथ प्रार्थी का जन्मदिन मना रहे थे।

■ पुलिस ने किया मामला दर्ज

### रिपोर्ट पर मामला दर्ज

इसी दौरान कुछ लड़के वहां पर आए और पूछने लगे कि तुम लोग कहां से आए हो और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे एवं जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से प्रार्थी एवं उसके दोस्तों को चोंटे आई है। आरोपियों ने वाहनों को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त भी कर दिया है। जिससे काफी नुकसान हुआ है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों का सरगर्मी से पतासाजी किया जा रहा है। बताया गया कि उक्त क्षेत्र में आए दिन असामाजिक तत्व की सक्रियता बनी रहती है। जिससे यहां आने वाले लोगों को हलाकान होना पड़ता है।

### टीएल की बैठक में लंबित प्रकरणों की विभागावार समीक्षा

# सुशासन तिहार में 98 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने समय-सीमा की बैठक में जिले के सभी विभागीय अधिकारियों से विभिन्न लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदन निर्धारित अवधि में गुणवत्तापूर्वक निराकृत किया जाएं ताकि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक समय पर पहुंचे।

बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत कुल प्राप्त आवेदनों में से 98.04 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, शेष 1892 आवेदनों पर परीक्षण उपरांत कारवाई जारी है। बैठक मे कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने साल्हेवारा दौरे के दौरान वहां सामने आए जमीनी मुद्दों पर भी गंभीरता से चर्चा की। उन्होंने तहसील कार्यालय में ऑपरेटर की व्यवस्था, खादी चेकपोस्ट में आबकारी व पुलिस चेकपोस्ट की निगरानी, साल्हेवारा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पुल निर्माण, करेला मंदिर में पेयजल व्यवस्था, नए मार्गों का निर्माण, पवन ऊर्जा के उपयोग की संभावनाएं, मंदिर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की सुविधा सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा कर संबंधित विभागों को शीघ्र कारवाई सुनिश्चित करने कहा।



### विभागों से ली जानकारी

बैठक में शासकीय विभागों के स्वीकृत और रिक्त पदों की स्थिति, भर्ती प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इस संबंधित में विभागों द्वारा अभी तक की गई कारवाई की भी जानकारी ली। साथ ही शासकीय कार्यालयों की स्थापना के लिए भूमि आबंटन की समीक्षा भी बैठक बाद कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि हर कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# हटाए गए दैवेभो कर्मियों को वापस रखने कुलपति से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि में बीते 24-25 सालों से काम कर रहे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को जल्द से जल्द वापस रखने की मांग को लेकर छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने कुलपति प्रो डॉ. लवली शर्मा से मुलाकात की।

फेडरेशन के जिला अध्यक्ष प्रखर शरण सिंह, सीआर कुंजाम, मुकेश भट्ट, प्रतीक टहनगुरिया, जेएन साठिया, सौरभ सिंह चौहान, मधु श्रीवास्तव सहित अन्य ने कुलपति डॉ.शर्मा को बताया कि संगीत विवि में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 12 मई 25 को प्रभारी भवन निर्माण द्वारा काम से हटा दिए जाने की मौखिक सूचना दी गई है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को हटाए जाने से संबंधित विभागों का काम प्रभावित होंगा। जिलाध्यक्ष प्रखर शरण सिंह ने कुलपति को बताया कि ने बताया कि विवि से मिलने वाले वेतन से ही सभी कर्मचारी अपने साथ-साथ अपने पूरे परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। काम से हटाए जाने से सभी कर्मचारियों के परिवार में भरण पोषण संबंधी समस्या खड़ी हो जाएगी। दैवेभो कर्मचारियों के पास वेतन के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार के आय का कोई भी स्त्रोत नहीं है इससे उनको गभीर आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

गौरतलब है कि संगीत विवि में एक साथ 42 के आसपास दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को हटाने का मौखिक आदेश जारी किया है। इनमें ऐसे कर्मचारी शामिल हैं जो लंबे अरसे से विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागो में काम कर रहे है।

## 10वीं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल

# सीबीएसई के परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

**सीबीएसई बोर्ड ने मंगलवार को दोपहर 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा की है। जिले में संचालित सीबीएसई 10वीं व 12वीं की कक्षाओं के विद्यार्थियों ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। ज्यादातर निजी स्कूलों का परिणाम बेहतर रहा है। जिससे यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। परिणाम जारी होने के साथ ही विद्यार्थी एक-दूसरे को बधाई देने में व्यस्त नजर आए।**

### नीरज विद्या मंदिर, मोहड़

नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में सेकंडरी एवं हायर सेकंडरी वार्षिक परीक्षा



परिणाम बोर्ड द्वारा 13 मई को घोषित किया गया। जिसमें सेकंडरी परीक्षा में कुल 39 विद्यार्थियों में से 26 विद्यार्थियों एवं हायर सेकंडरी परीक्षा में कुल 34 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण अंक प्राप्त कर संस्था एवं नगर को गौरवान्वित किया है। सेकंडरी परीक्षा में राजश्वी मानकर ने 88, अयुष सिंह ने 87 एवं युक्ता साहू ने 84 प्रतिशत अंक के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित किया। इन्होंने अपने-अपने विषय में 90 से अधिक अंक अर्जित किया है।

इसी प्रकार हायर सेकंडरी परीक्षा में वाणिज्य संकाय (कामर्स) से रिशिका जैन ने 88.8 प्रतिशत अंक लेकर अपने संकाय में प्रथम एवं वनांचल क्षेत्र के ब्लॉक में प्रथम स्थान पाया। इन्होंने पीई में 85 अंक, एकाअंट्स में 93 एवं बीएसटी 97 अंक अर्जित किया है। विज्ञान संकाय (बायो) से निश्चयी साहू ने 74.2 प्रतिशत के साथ अपने संकाय में प्रथम एवं संस्था व ब्लॉक में द्वितीय स्थान पर रही। इन्होंने पीई में 83 अंक, केमेस्ट्री में 87 अंक अर्जित किया है। इस प्रकार शिक्षा सत्र 2024-25 सेकंडरी एवं हायर सेकंडरी वार्षिक परीक्षा का परिणाम शानदार एवं उत्कृष्ट रहा।

### एनबीआईएस बोरी का रिजल्ट रहा शानदार

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के सीबीएसई कक्षा 10वीं एवं 12वीं



के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस परीक्षा में कक्षा 10वीं के 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक व 41 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 32 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 10वीं में शाला के दिव्यांश रंगारी 97.2 प्रतिशत, मयंक देवांगन 94 प्रतिशत, संस्कार राज वैष्णव 93.4 प्रतिशत, अंतरा सिंग विनोद 93.2 प्रतिशत, अभ्युदय पाण्डेय 91.8 प्रतिशत, वंश चंदवानी एवं श्रृष्टि डहरिया 91.2 प्रतिशत, प्रज्ञा जैन 90.6 प्रतिशत एवं कुशाग्र साहू 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है।

कक्षा 12वीं में शाला के मैथ्स, बायोलॉजी तथा कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा। इस परीक्षा में 12वीं के कॉमर्स संकाय से 4 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 12 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 26 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। बायोलॉजी संकाय से 2 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक एवं 9 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। मैथ्स संकाय से 1 विद्यार्थी ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक व 3 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत एवं 4 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं के कॉमर्स संकाय से प्रेक्षा लोहिया 93 प्रतिशत, जान्हवी जैन 92.8 प्रतिशत, वीणा पंजवानी 91 प्रतिशत, मिताली साहू 90.8 प्रतिशत, प्रगति खंडेलवाल 87.2 प्रतिशत, आश्का टाटिया एवं प्रणीत सिंह बग्गा 86.8 प्रतिशत, अंजलि चोपड़ा 85.2 प्रतिशत, प्रसंशा लोहिया 84.6 प्रतिशत, वैभव चितलांग्या 84 प्रतिशत, मोहन वत्यानी एवं लवली तेजवानी 83.8 प्रतिशत, निहारिका साहू 82.8 प्रतिशत एवं मेघा सप्पल 82.2 प्रतिशत तथा बायोलॉजी संकाय से आगम जैन 82.8 प्रतिशत, अनीशा झा 81.4 प्रतिशत तथा मैथ्स संकाय से काव्या चंद्राकर 90.4 प्रतिशत, पुष्पेन्द्र गजभिये 82.2 प्रतिशत, रिधिमा सिंह 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है।

### नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री



नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री राजनांदगांव में सीबीएसई कक्षा 12वीं में कामर्स संकाय से प्रेम मोटलानी ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कामर्स संकाय से ही जसराज गांधी ने 92.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय, आदर्श मोटलानी ने 91 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। चारू जैन ने 90.20 प्रतिशत अंक व अर्पित शर्मा 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। शाला के जीव विज्ञान संकाय में यशभ सिंग ने 82.20 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम तथा रिधिमा दास ने 78.80 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व ख्याति ठाकुर ने 75.40 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय से पंकज कारूणिक 81.80 प्रतिशत अंक प्रथम, दिक्षा चंद्रवंशी ने 76.40 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा कुसुम सिंग 75.40 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। शाला में कक्षा 12वीं में कुल 77 परीक्षार्थियों में से 65 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है। शाला के 19 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

### एनपीएस पेंड्री का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री का सीबीएसई बोर्ड में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। शाला में प्रथम अलिशा अफजल रजा ने 97.60 प्रतिशत, द्वितीय हंशिका गौतम 94.80 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान अदिती श्रीवास्तव ने 94.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। शाला के 11 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 27 छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक, 41 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 90 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है।

### संस्कार सिटी में दिशा और साक्षी ने मारी बाजी



संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में 10वीं बोर्ड (सीबीएसई) का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल विद्यार्थी अच्छे प्राप्तांकों से उत्तीर्ण हुए हैं। संस्था प्राचार्य रेखा तिवारी ने बताया कि दिशा मिश्रा 97 प्रतिशत एवं साक्षी मिश्रा 96 प्रतिशत प्राप्तांक हासिल कर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से शाला एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। शाला के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर संस्था के प्रबंधकगण ललित अग्रवाल व अतुल देशलहरा ने प्रसन्नता व्यक्त करते बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### संस्कार सिटी में 12वीं बोर्ड में प्रियांक अव्वल



संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्राचार्य रेखा तिवारी ने बताया कि शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 22 बच्चों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि शाला में प्रियांक नाग 89 प्रतिशत, नेहांशु साहू 85 प्रतिशत एवं वैभव तिर्की 85 प्रतिशत प्राप्तांक हासिल कर अपने प्रतिभा का परिचय दिया है। शाला के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर संस्था के प्रबंधकगण ललित अग्रवाल, अतुल देशलहरा ने प्रसन्नता व्यक्त करते बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### युगांतर के 10वीं बोर्ड में स्पर्श प्रथम



युगांतर पब्लिक स्कूल में आज सीबीएसई दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम सीबीएसई द्वारा घोषित हुए। इन घोषित नतीजों में युगांतर के कुल 27 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिसमें स्पर्श अग्रवाल 95.6 प्रतिशत, प्रथम गोयल 95.4 प्रतिशत, नैतिक लोहिया 94.2 प्रतिशत, जेदविक गुडे 93.4 प्रतिशत, संजना बंधे 93 प्रतिशत, राघव दम्मानी 91.4 प्रतिशत, आरव गोयल 90.6 प्रतिशत, गौरव ठाकुर 90.2 प्रतिशत, रोहन कुमार रायल 90.2 प्रतिशत, प्रगति हलदर 89.8 प्रतिशत, अदिति कुर्रे 89.6 प्रतिशत, गौरव चक्रधारी 89.2 प्रतिशत, कृष्णा अग्रवाल 88.6 प्रतिशत, भाविशा जैन 88.4 प्रतिशत, श्रृष्टि भूमेश गजभिये 88.2 प्रतिशत, आदि जैन 88 प्रतिशत, शौर्या सिंह विनोद 87.8 प्रतिशत, जिज्ञासा सिंह 87.6 प्रतिशत, ऋद्धि कुर्रे 87.6 प्रतिशत, ऋत्विक सुराना 87.4 प्रतिशत, गीतिका गोलछा 86.8 प्रतिशत, दिशा साहा 86.6 प्रतिशत, यथार्थ उपाध्याय 86.4 प्रतिशत, मित्तुल सचदेव 85.4 प्रतिशत, मान्या शर्मा 85.4 प्रतिशत, एलिश महिलांग 85.2 प्रतिशत, रौनक रिजवानी 85 प्रतिशत प्रमुख हैं। 109 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। 10वी बोर्ड में शत-प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण होकर नया कीर्तिमान रचा।

### युगांतर का 12वीं बोर्ड में उत्कृष्ट परिणाम



युगांतर पब्लिक स्कूल में सीबीएसई 12वीं बोर्ड का परीक्षाफल आज सीबीएसई द्वारा घोषित कर दिए गए हैं, जो उत्कृष्ट रहे हैं। घोषित नतीजों में युगांतर के कुल 17 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। जिसमें संस्कृति सिंघानिया 94 प्रतिशत, जिया अग्रवाल 91.4 प्रतिशत, मनेन्द्र कुमार 90.8 प्रतिशत, सिद्धार्थ महापात्रा 90 प्रतिशत, ओजस अग्रवाल 89.6 प्रतिशत, विपुल संजय सोमकुवर 89.2 प्रतिशत, प्रीति राणा 88.4 प्रतिशत, ओम अग्रवाल 88.2 प्रतिशत, नेहल जैन 88 प्रतिशत, अपर्णा मेहर 87.6 प्रतिशत, अपूर्वा अजित 86.8 प्रतिशत, मारिया खत्री 86.4 प्रतिशत, नंदकुमार 86.4 प्रतिशत, वेन्या असाटी 85.6 प्रतिशत, अरविंद कुमार टंडन 85.4 प्रतिशत, देविका 85.4 प्रतिशत, लक्ष्य जायसवाल 85.4 प्रतिशत प्रमुख है। 105 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय का परीक्षाफल 99 प्रतिशत रहा।

### वाईडनर स्कूल का 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-



वाईडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल राजनांदगांव के कक्षा 10वीं का सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें 113 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जिसमें हर्षल वर्मा 95.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, जोयेद हरभूषण ने 93.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, समीर सुखीजा 91.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी छात्र-छात्राओं को मैनेजर फादर जोसेफ राज, प्राचार्य फादर टी. अमलासीलन एवं शाला परिवार ने शुभकामनाएं दी।

### वाईडनर स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम



वाईडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं का सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। शाला के कुल 106 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें कक्षा 12वीं के गणित संकाय से रुचिता बोपचे ने 86.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, मृगांक शेखर वर्मा ने 78.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं कल्याणी पटले, रूबी देवांगन व ओमसिंह सागर इन तीनों ने 68.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विज्ञान संकाय में राशि सिंह चौहान ने 88.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, दिव्यांश साव ने 85.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय, आदिति भगत ने 84.8 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉमर्स संकाय के रंजीता गौतम ने 90.4 प्रतिशत में प्रथम, भूपति साहू ने 86.4 प्रतिशत से द्वितीय व समीक्षा तराने ने 84 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### जपमन ने बढ़ाया नगर का गौरव



**डोंगरगढ़।** नगर के जपमन सिंह भाटिया ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 93.4 प्रतिशत अंक लेकर नगर का गौरव बढ़ाया है। उसके पिता जसदीप सिंह सोनू भाटिया व माता हरविंदर कौर भाटिया ने बताया कि प्रारंभ से ही कुशाग्र बुद्धि के जपमन ने शिक्षा के क्षेत्र में स्वयं को रोल मॉडल बनाया है तथा अच्छे अंक अर्जित कर उसने जहां माता-पिता के साथ विद्यालय व नगर का नाम भी रोशन किया है। आगे चलकर जपमन का लक्ष्य अच्छे अंकों से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रदेश में अपना नाम रोशन करने का है।

### गायत्री स्कूल के 10वीं में उत्कर्ष प्रथम, अविरल द्वितीय

जेएलएम गायत्री विद्यापीठ केशर नगर में सीबीएसई बोर्ड सत्र 2024-25 के



परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कक्षा 12वीं में कॉमर्स विभाग से भावेश जैन 93.80 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, अनुशी श्रीवास्तव 88.40 प्रतिशत द्वितीय, मनन पारख 87.60 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। बायोलॉजी विभाग में रिषिका गोलछा 92.80 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, आर्यन देवांगन 91 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, प्रेमदीप रजक 87.40 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। मैथ्स विभाग में प्रतीक साहू 90 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, आदित्य कुमार साहू 89 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, पीयूष कुमार साहू 87.80 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। शाला में कक्षा 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा।

कक्षा 10वीं में उत्कर्ष साहू ने 90.60 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, अविरल अग्रहरि ने 90 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व मनाली देवांगन ने 88 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में शाला का कुल परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा।

शाला की प्राचार्य शैलजा नायर ने बताया कि विद्यार्थियों की मेहनत-लगन के साथ अभिभावक एवं शिक्षकों के प्रोत्साहन के कारण विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकांत चितलांग्या, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल वाजपेयी, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू, तरणजीत सिंह टूटेजा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## समर्थन मूल्य से कम में धान खरीदने से किसानों को नुकसान, मुख्यमंत्री से की मांग

**राजनांदगांव।** कृषि उपज मंडी में समर्थन मूल्य से कम दर पर धान खरीदे जाने को लेकर प्रदेश किसान संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मंडियों में समर्थन मूल्य से नीचे धान की खरीदी नहीं किए जाने की मांग की गई है।

राजनांदगांव जिला किसान संघ और प्रदेश किसान संघ के पदाधिकारी ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देते कहा है कि कृषि उपज मंडी में वर्तमान में 17-18 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान की खरीदी हो रही है। जिससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है।

### समर्थन मूल्य पर की नीलामी

प्रदेश किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम ने कहा कि समर्थन मूल्य से कम दर पर धान की खरीदी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा है कि समर्थन मूल्य पर ही धान की खरीदी हो। वहीं उन्होंने कहा कि धान की नीलामी समर्थन मूल्य से नीचे नहीं होने देने को लेकर मुख्यमंत्री से मांग की गई है।

### आदेश का पालन नहीं

प्रदेश किसान संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि रमन सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान समर्थन मूल्य से कम में खरीदी नहीं किए जाने को लेकर आदेश हुआ था, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा है कि मंडियों में औने-पौने दामों पर धान की नीलामी हो रही है। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने प्रदेश के सभी मंडियों में समर्थन मूल्य दर पर धान खरीदी सुनिश्चित किए जाने आदेश देने की मांग की है।






### गुरूकुल पब्लिक स्कूल की पीहू अग्रवाल ने 97.40 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्राप्त किया प्रथम स्थान

# सीजी बोर्ड के बाद सीबीएसई बोर्ड परिक्षाओं में भी जिले के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

हाल ही में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा घोषित किए गए कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में जिले सहित प्रदेश में परचम लहराने के बाद अब कबीरधाम जिले के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में भी शानदार प्रदर्शन किया है। सीबीएसई की कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में गुरूकुल पब्लिक स्कूल की छात्रा पीहू अग्रवाल ने 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस संबंध में गुरूकुल पब्लिक स्कूल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा बारहवीं में पीहू अग्रवाल 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला को किया गौरवान्वित किया है। स्कूल का कक्षा दसवीं एवं बारहवी में परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।



स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार दसवीं में छात्र दर्श सिंह पाहुजा 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्यन गुप्ता 94.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर, प्रांजल गुप्ता 93.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय में पीहू अग्रवाल 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवी में विज्ञान संकाय में उत्कर्ष वर्मा 94.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भूमि वार्ते 92 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं विपुल ठाकुर ने 91 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही साथ कवर्धा की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 वीं तथा 12 वीं की परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12 वी में कुल 82 एवं कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 122 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी लगन एवं परिश्रम के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला ही नहीं पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। दसवीं में छात्र दर्श सिंह पाहुजा 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं आर्यन गुप्ता 94.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं प्रांजल गुप्ता 93.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय में पीहू अग्रवाल 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में अनिश मुटरेजा 83 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं अनुशिका अवस्थी 82.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। कक्षा बारहवी में विज्ञान संकाय में उत्कर्ष वर्मा 94.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा भूमि वार्ते 92 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं विपुल ठाकुर 91 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 10 वीं में कुल 122 विद्यार्थियों में से 86 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12 वीं में 56 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के प्रबंध समिति ने बताया कि विद्यालय के सभी विषयों के शिक्षकों ने अपनी कड़ी मेहनत एवं मार्गदर्शन के साथ छात्र-छात्राओं की विशेष सहभागिता से प्राप्त इस उपलब्धि पर अपार हर्ष व्यक्त किया है। इस उत्कृष्ट परिणाम हेतु प्रभारी प्राचार्य ने सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की एवं कहा कि यह विद्यार्थियों के उचित मार्ग दर्शन में पढ़ाई करने का सुपरिणाम है। भविष्य में भी विद्यालय के विद्यार्थी इसी प्रकार और इससे अच्छा प्रदर्शन कर शाला एवं जिले को राज्य स्तर पर गौरवान्वित करते रहेंगे। संस्था के अध्यक्ष एवं संचालको ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने के लिए बधाई दी।

### गुरूकुल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का दबदबा



### होली किंगडम के विद्यार्थियों का सीबीएसई बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन



सफलता के ऊंचे लक्ष्यों को निर्धारण करना और प्राप्त सफलता को सतत कायम रखना यही एक सफल संस्थान की पहचान होती है। सफलता की नित्य नए आयामो को प्राप्त करते हुए इस वर्ष भी सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित की गई। जिसमें कक्षा 10 वीं व 12 वीं के परीक्षा परिणामो में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर जिले में अपना दबदबा कायम रखा हुआ है। कक्षा 12वी में शीर्ष स्थान में कला संकाय से मेघा राजपूत ने 90 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त की तथा जीव विज्ञान संकाय से आरुषि गुप्ता ने 88. 2 प्रतिशत हासिल की साथ ही साथ अलावा वाणिज्य संकाय से जोसेफ जोश थॉमस ने 80 प्रतिशत प्राप्त किया। वही दूसरी ओर सीबीएसई कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में शीर्ष स्थान में दुष्यन्त कुमार सिन्हा 95 प्रतिशत प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा ऋषभ ठाकुर ने 90 प्रतिशत प्राप्त करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया तृतीय स्थान में पुष्पेंद्र सिंघ ठाकुर 86. 2 प्रतिशत प्राप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय में कक्षा 12वीं में 32 विद्यार्थी थे, जिसमें से 25 छात्रों ने प्रथम श्रेणी तथा 7 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण रहे तथा कक्षा 10 वीं में 52 छात्र थे, जिसमें से 45 छात्र प्रथम श्रेणी एवं 7 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण रहे। विद्यालय के निर्देशक पास्टर जोश थॉमस, सह निर्देशिका लिजी थॉमस, प्राचार्य दिव्या मोल एवं शिक्षक-शिक्षकाओ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### श्रीरामकृष्ण स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

वहीं श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल कबीरधाम का कक्षा 12वीं सीबीएसई परीक्षा में परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें छात्र धनराज डहरिया 95 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं द्वितीय छात्रा मोहिनी 92 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान राशि 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं क्रमशः चतुर्थ टीकेश्वर 91.6, डीकेश्वर 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। जिस पर प्रचार्य व शिक्षक शिक्षिकाओं ने इस सफलता पर छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ व श्रीराम कथा कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

ढोलबज्जा बाबा सेवा समिति ग्राम पटुवा व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के समापन समारोह में विधायक श्रीमती श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुई। जिस पर समिति अध्यक्ष अनुजराम चंद्राकर की अगुवाई में 51 नारियल गज माला से विधायक श्रीमती बोहरा का भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक ने श्रीलक्ष्मी-नारायण व श्रीराम कथा में विधि विधान से पूजा अर्चना कर व्यास पीठ पर विराजमान पं राजेश शर्मा को श्रीफल एवं पुष्प-गुच्छ भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं विधायक अपने उद्बोधन में भव्य श्रीलक्ष्मी-नारायण व श्रीराम कथा यज्ञ आयोजन के लिए समिति व क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा की ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए, धार्मिक आयोजन हमें ईश्वर के करीब ले जाता है हमें ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास होना चाहिए।

श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ अपने आप में बहुत बड़ा धार्मिक आयोजन है, महायज्ञ का दर्शन साक्षात ईश्वर का दर्शन है। इस दौरान कृष्णा चंद्राकर, अनुज राम चंद्राकर, बालमुकुंद चंद्रवंशी, महेंद्र घृतलहरे, अश्वनी यदु, श्रीमती राधा दिलीप बघेल, परस सिंगरौल, शेखर चंद्राकर, संतोष ध्रुर्वे, कुलेश्वर चंद्राकर, अनिल राजपूत, विनोद, शेखर सिंगरौल, नंदराम गंधर्व, ददुवा चंद्राकर, राजेश्वर चंद्राकर, मोहित दास मानिकपुरी, शिवा ध्रुर्वे, सुरेश चंद्रवंशी, निर्मल चंद्रवंशी, द्वारिका राजपूत, दिनेश राजपूत, पवन चंद्रवंशी, बीरबल यादव, शेखर राजपूत, मुनीम चंद्रवंशी, लेखराम यादव एवं समस्त क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### देश की बहादुर सेना पर गर्वः पूर्व सैनिकों ने आंतकी हमले की नींदा की



**हरिभूमि कवर्धा।** सोमवार को जिले के सेवानिवृत सैनिकों ने भोरमदेव पैलेस में आमसभा का आयोजन कर आतंकवादियों द्वारा किए गए पहलगांव में कायराना हमले की निंदा की। पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे आंतकवाद और अघोषित युद्ध को लेकर सैनिकों में गुस्सा दिखा और सबने एक स्वर से भारतीय सेना के मुंहतोड़ जवाब पर खुशी जताई। मिली जानकारी के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने एक बार फिर पूरी दुनिया को दिखा दिया कि जब बात अपने देश की सुरक्षा और अस्मिता की आती है, तो हम दुश्मन को उसकी भाषा में जवाब देना भी जानते हैं। इस ऑपरेशन ने पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है। उक्त बातें पूर्व सैनिकों ने कही। अपनी प्रतिक्रियाएं देते हुए सूबेदार घनश्याम प्रसाद साहू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भारतीय सेना उत्साहित है और पाकिस्तान को जवाब देने के लिए पूरी तरह से सक्षम है। सेना की कार्यवाही ने आतंकवाद को एक बड़ा सबक सिखाया है। सेवानिवृत्त हवलदार अब्दुल शमीम खान ने कहा कि अगर सरकार उन्हें दुबारा मौका दे, तो वह अभी भी दुश्मन को बर्बाद करने की क्षमता रखते हैं, सेना के गुण अभी भी उनमें रचा बसा हुआ है। हवलदार कृष्णा सिंह धुर्वे ने कहा कि पाकिस्तान अभी भी अगर आतंकवाद फैलाने के मंसूबे त्यागता नहीं है, तो वह दिन दूर नहीं जब विश्व के नक्शे से पाकिस्तान सदा-सदा के लिए मिट जाएगा। नायक जितेन्द्र कुमार राजपूत ने कहा कि सरकार ने सेना को खुली छूट देकर सराहनीय कार्य किया है। हमारी सेना हर चुनौतियों का सामना करने हमेशा तैयार रहती है। आम सभा में संगठन के सभी सेवानिवृत्त ने सेना के ऑपरेशन सिंदूर कि प्रशंसा करते हुए कहा कि आज भी देश सेवा के प्रति उनका हौसला व जज्बा कम नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पल्लवी साहू ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त की



**हरिभूमि बरबसपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं की छात्रा पल्लवी साहू ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कबीरधाम जिला की मैरिट सूची में आठवें स्थान प्राप्त किया। जिस पर व्याख्याता श्रीराम साहू, विद्यालय के प्राचार्य एनके चंद्रवंशी, राकेश कुमार साहू, हरप्रीत सलूजा, स्वाति कटकर, श्वेता नामदेव, राकेश कुमार सिंह, राजकुमार एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्रा पल्लवी साहू को बधाई और शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### संस्कार हाई स्कूल कवर्धा का बोर्ड परीक्षा में का रहा उत्कृष्ट परिणाम

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाई स्कूल परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें संस्कार हाई स्कूल कवर्धा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें छात्रा युरानी साहू ने 92 प्रतिशत, खुशबु कश्यप 86 प्रतिशत, आदित्य पटेल 80 प्रतिशत, अनिमेष पटेल 79 प्रतिशत, वर्द्धराजन आयअंगर 78 प्रतिशत, हिमेश चंद्रवंशी 75 प्रतिशत, सिद्धि विश्वकर्मा 74.6 प्रतिशत, माहि सोनी 72 प्रतिशत और साक्षी विश्वकर्मा साथ ही हर्ष विश्वकर्मा, प्रतिमा, सिमरन झरिया ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय का मान बढ़ाया। जिस पर प्राचार्य नरेंद्र पटेल ने कहा की बच्चो के उत्कृष्ट परिणाम के लिए विद्यालय नवीन कार्ययोजना का पालन करेंगा साथ ही साथ आगामी योजना में विद्यालय परिवार की ओर से सभी बच्चों के लिए प्रतिभा सम्मान का आयोजन करेंगे।

## वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की विधि जानी किसानों ने

■ साग-सब्जियों की अच्छी पैदावार के लिए ड्रिप और मलचिव विधि अपना रहे किसान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण किसान वैज्ञानिक व आधुनिक नई-नई खोज और आविष्कार से कृषि क्षेत्र मे चमत्कार आ गई है, वहीं अब ग्रामीण क्षेत्र के किसानों ने वैज्ञानिक पद्धति से खेती-किसानी करने में लगे हुए हैं और अच्छी पैदावार के लिए वैज्ञानिक विधि को जान चुके हैं जैसे ड्रिप और मलचिव विधि से कृषि कार्य को अपना रहे हैं। जिससे बंपर पैदावार साग-सब्जी के अलावा अन्य फसलों की खेती-किसानी कार्य कर रहे है। जिससे ग्रामीण किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आई है साथ ही साथ ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार को क्षेत्र में रोजगार मिल रही है।



ग्राम बीजाझोरी किसान लाला प्रसाद साहू ने बताया कि वर्तमान में बैगन की खेती-5 एकड़ में किया जा रहा है, उन्होंने बताया एक नग बैगन नौनिहाल पौधे की कीमत 11 के हिसाब से 120000 रूपए राशि खर्च कर 5 एकड़ में ड्रिप और मलचिव विधि से किया जा रहा है।

वहीं दौजरी निवासी संतोष चंद्रवंशी, बलदाऊ चंद्रवंशी व बीजाझोरी के ग्रामीण किसान लाल प्रसाद साहू, सारंगपुर खुर्द महादेव ठाकुर, डबराभाट गोवर्धन अहिरे, पुन्नी भटट् ने एक ही फसलों पर निर्भर नहीं होकर अन्य राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र जैसे राज्यों की तरह एक ही खेतों में अनेक प्रकार की फसलो की अच्छी पैदावार कर रहे हैं। जिसमें बैगन, प्याज, टमाटर, आलू, भिंडी, बरबट्टी, धनिया मेथी, मिर्च, गोभी, लौकी, मूंगफली, हल्दी, सेमी और फल-फूल केला, पपीता जैसे कई प्रकार के साग-सब्जियों की तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है ताकि बरसात और गर्मी के समय पर अच्छी पैदावार कर अच्छी आमदनी अर्जित कर सकें।

## कलेक्टर ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की

■ कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मंगलवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समय-सीमा बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत चल रहे तीसरे चरण के समाधान शिविरों में हितग्राहियों को उनके आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी और हितग्राहियों को लाभान्वित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के पहले चरण में प्राप्त अधिकांश आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष बचे आवेदनों के शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदनों की निराकरण स्थिति को नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज किया जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और निगरानी में आसानी हो। बैठक में उन्होंने जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो की गहन समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं, अधोसंरचना विकास कार्यो और सिंचाई योजनाओं की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि सभी विभागों में केंद्र सरकार की कई योजनाएं संचालित हो रही हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि इन योजनाओं के अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विभाग द्वारा योजनाबद्ध रूप से ठोस प्रोजेक्ट तैयार किया जाए, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।



कलेक्टर श्री वर्मा ने कवर्धा शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि शहर के चहुमुखी विकास के लिए प्रशासन द्वारा अनेक निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिन्हें तय समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नए निर्माण कार्यो के लिए स्थानों का चयन किया गया है। चयनित स्थलों के लिए संबंधित विभागों द्वारा तैयार किए जा रहे प्रोजेक्ट की अद्यतन जानकारी भी ली गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन प्रस्तावित प्रोजेक्टों को शीघ्र अंतिम रूप देकर प्रस्तुत किया जाए, ताकि कार्य जल्द आरंभ किए जा सकें।

### पेड़ गिरने से आवागमन बाधित...



**हरिभूमि कोलेगांव।** एक बार फिर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम में आई बदलाव से मंगलवार को 3 : 00 बजे तेज आंधी-तूफान व बूंदा-बांदी के चलते सड़क के बीचों बीच विशालकाय नीलगिरी के पेड़ गिरने से आवागमन बाधित रहा वहीं ग्रामीणों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### पोंड़ी-पिपरिया मार्ग अत्यंत जर्जर व बदहाल, ग्रामीण व राहगीर परेशान



**हरिभूमि पोंड़ी।** शासन-प्रशासन द्वारा शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने के लिए विविध सड़को का जाल बिछाया जा रहा है। क्षेत्र के ऐसे कई प्रधानमंत्री सड़क जर्जर व बदहाल होने तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पोंड़ी से पिपरिया पहुंच मार्ग देख-रेख व सुधार तथा मरम्मत कार्य के अभाव में ग्राम रीवापार व राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस जर्जर व बदहाल सड़क से करीब 10 से 15 गावों के ग्रामीण व राहगीरों का आवाजाही लगा रहता है। वहीं कई बार शिकवा-शिकायत कर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों को समस्या को लेकर अवगत कराया गया लेकिन आज पर्यन्त तक स्थिति जस के तस बनी हुई। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रीवापार में पानी निकासी के लिए पक्की नाली निर्माण के अभाव में सड़क के बीचों बीच जल भराव के स्थिति निर्मित होने से राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिल सकें।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"

मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त

"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"

JOIN OUR SEMINAR

Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand

14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM

◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें

SCAN ME

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com

Dr. Pallavi Kshirsagar

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**वारदात:** गेट और मकान का ताला तोड़कर दिया चोरी की वारदात को अंजाम

# पाण्डातराई के शिक्षक दम्पत्ति के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने किया हाथ साफ


हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

हाल के दिनों में नगर पालिका क्षेत्र पंडरिया में थाना मुख्यालय से महज सौ मीटर की दूरी में संचालित दो मोबाईल दुकानों में तथा इससे पूर्व नगर के ही एक बैंक कर्मी के आवास में चोरी की वारदात के बाद अब अज्ञात चोरों ने नगर पंचायत पाण्डातराई निवासी एक शिक्षक दम्पत्ति के सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए सोना-चांदी के जेवरात पर हांथ साफ किया है।


घटना की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने इसकी रपट पाण्डातराई थाना में दर्ज करा दी है। पुलिस ने भी औपचारिकता पूरी करते हुए अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच की बात कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत पाण्डातराई के वार्ड क्रमांक 04 मड़मड़ा रोड़ निवासी मोरध्वज डड़सेना पिता साधु राम डडसेना आयु 46 साल के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने हांथ साफ किया है।

श्री डड़सेना ने बताया कि वे सहायक शिक्षक के पद पर शासकीय प्राथमिक शाला चरखुरा कला में पदस्थ हैं और उनकी पत्नि मालती डड़सेना भी शिक्षक है जो शासकीय प्राथमिक शाला पाण्डातराई में पढ़ाती है। उन्होने बताया कि वे अपने परिवार सहित गत 2 मई घर में तथा घर के गेट में ताला लगाकर रिश्तेदार की शादी में दुर्ग गए थे। इसी बीच 11 मई की शाम 7.00 बजे उनके परिचित आदित्य गुप्ता ने उनके पुत्र सागर डड़सेना के मोबाईल में कॉल कर जानकारी दी की आपके घर का मुख्य दरवाजा खुला है।

जिसकी जानकारी सागर ने उन्हे दी जिसके बाद मेरे द्वारा श्री गुप्ता को मकान के अंदर जाकर देखने को कहा गया और श्री गुप्ता ने घर में जाकर देखने के बाद चोरी की की जानकारी दी गई। पीड़ित श्री डड़सेना ने बताया कि इस सूचना के बाद वे तत्काल अपने परिवार सहित दुर्ग से वापस पाण्डातराई अपने निवास पहुंचे और मकान के अंदर जाकर देखा तो गेट तथा मकान के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। मकान के अंदर कमरों में रखी आलगारी, दीवान खुले पड़े थे और पूरा सामान अस्व्यस्त था तथा घर में रखे सोना-चांदी के जेवरात व नगदी गायब थी। पीड़ित ने इस घटना की रपट तत्काल पाण्डातराई थाना पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने भी मौका मुआयना करने के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच किए जाने की बात कही जा रही है।



### करीब पांच लाख के सोने-चांदी के जेवरात पार



मकान मालिक मोरध्वज डड़सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए उनके घर से सोने का झुमका वजनी 2.5 तोला, सोने का चैन 2 तोला, सोने की अंगूठी 02 तोला, सोने का मंगलसूत्र 12 ग्राम, सोने का फुल्ली 5 ग्राम, सोने का बाला 7 ग्राम, सोने का खुटी 20 ग्राम, चांदी का करधन चैन वाला 65 तोला, चांदी का करधन 70 तोला, चांदी की पैर पट्टी 50 तोला पार कर दिया। जिसका बाजार मूल्य करीब पांच लाख के आसपास है।

### अंचल में लगातार बढ़ रही चोरी, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिला मुख्यालय कवर्धा सहित जिले के पंडरिया, तथा पाण्डातराई सहित दूसरे थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही है। जिसके चलते लोगों द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं। वहीं लोगों में नाराजगी इस बात को लेकर भी है कि चोरी की वारदातों के बाद पुलिस अज्ञात चोरों को पकड़ पाने में भी असफल साबित हो रही है। अभी हाल ही में अज्ञात चोरों ने पंडरिया नगर में पुलिस थाना से कुछ दूरी पर संचालित दो मोबाईल दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था लेकि अभी तक अज्ञात चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इसी पंडरिया में ही एक बैंक कर्मी के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने हाथ साफ किया था लेकिन अभी तक इसका भी अतापता नहीं है। माना जा रहा है कि पुलिस की ऐसी सुस्त कार्यप्रणाली को देखते हुए अज्ञात चोरों के हौसले बुलंद है और वे एक के बाद एक चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

# महिला पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

महिला पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल करने वाले आरोपी को तरेगांव जंगल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 00/2025 धारा 296, 115(2), 351(3) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया। इस संबंध में तरेगांव जंगल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 2 अप्रैल को ग्राम बरपानी निवासी श्रीमती सोनिया बाई बैगा पति अकल सिंह बैगा आयु 45 वर्ष अपने खेत में पेड़ की रखवाली कर रही थीं।



सुबह लगभग 04.00 बजे गांव का ही झामलाल बैगा पुरानी रंजिश के चलते उनके पास आकर अश्लील गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी और कुल्हाड़ी से दोनों हाथों और सिर पर वार कर गंभीर चोटें पहुंचाई, जिससे खून निकलने लगा। घटना के बाद पीड़िता इलाज के लिए अपनी बेटी के साथ शासकीय अस्पताल बोड़ला पहुंची और वहीं से सूचना दी गई।

प्रकरण में पुलिस द्वारा देहाती नालिशी के आधार पर अपराध क्रमांक 00/2025 धारा 296, 115(2), 351(3) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया। चिकित्सकीय परीक्षण एवं एक्स-रे रिपोर्ट में प्रार्थिया को धारदार एवं कठोर वस्तु से गंभीर चोट तथा दाहिने हाथ में फैक्चर पाया गया, जिस पर धारा 118 (2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। आरोपी झामलाल बैगा निवासी बरपानी को गत 12 मई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे दिनांक 27.05.2025 तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। मामले में विवेचना जारी है।

## खबर संक्षेप

### जिले में 14 से 17 मई तक एचएसआरपी शिविर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में परिवहन विभाग कबीरधाम द्वारा जिले के विभिन्न ब्लॉकों में 14 से 17 मई तक हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह शिविर उन सभी वाहनों के लिए अनिवार्य हैं, जिनका पंजीयन 1 अप्रैल 2019 से पहले हुआ है। शिविरों का आयोजन चार चरणों में किया गया है। 14 मई को लोहारा और पिपरिया, 15 मई को लोहारा, पांडातराई, दशरंगपुर और चिल्फी, 16 मई को बोड़ला, पोंड़ी और कूकदूर, 17 मई को बोडला, कुंडा और रणवीरपुर में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में आवेदन प्राप्त करने के बाद नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया चार दिन बाद शुरू की जाएगी।

### कार की ठोकर से मादा हिरण की मौत

**कवर्धा।** नगर पंचायत बोड़ला में छोटू ढाबा के पास बीते रविवार को शाम 5 बजे अज्ञात कार की ठोकर से एक मादा हिरण की मौत हो गई है। एक माह के भीतर यह पांचवीं घटना है, जिसमें हिरण की मौत हुई है।

पेज 09 का शेष

### करोड़ों खर्चने के...

लिया गया है, लेकिन शहर के लोगों को पर्याप्त पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। शहर के अधिकांश वार्डों में महज 20- 25 मिनट ही नल चल रहा है। जिससे पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है। दशकों बाद भीषण गर्मी के बीच शहर में इस तरह का जल संकट बना हुआ है। नगर निगम द्वारा गर्मी के दिनों में भी दोनों समय जलापूर्ति की जाती रही है, लेकिन इस वर्ष एक दिन छोड़कर दो टाइम जलापूर्ति की जा रही है। जिसके चलते घरों में पानी की समस्या हो रही है।

# हाई स्कूल कोलेगांव के उन्नयन की मांग तेज

- वर्षो से की जा रही है मांग अब तक नहीं ली गई सुध, भटक रहे क्षेत्र के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में संचालित शासकीय हाई स्कूल का उन्नयन किए जाने की मांग क्षेत्रीय विद्यार्थियों के साथ ग्रामीणों द्वारा उठाई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में वर्षो से शासन-प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग किए जाने के बाद भी वे इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है। जिसे कारण क्षेत्र के विद्यार्थियों और विशेषकर बालिकाओं को भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोलेगांव में शासकीय हाई स्कूल संचालित है जिसमें बड़ी संख्या में कोलेगांव सहित आसपास के दर्जनों गावों के विद्यार्थी अध्यनरत है जिसमें अच्छीखासी संख्या बालिकाओं की भी है।



लेकिन इन विद्यार्थियों को हाई स्कूल की पढ़ाई कोलेगांव में करने के बाद हायर सेकेण्डरी स्कूल की पढ़ाई के लिए यहां वहां भटकना पड़ रहा है। इस साल भी कोलेगांव गांव हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है ऐसे में सभी विद्यार्थियों को अब हायर सेकेण्डरी स्कूल की तलाश करनी पड़ रहा है। ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें हायर सेकेण्डरी स्कूल में दाखिला लेने गांव से करीब सात किलो मीटर दूर या तो कुण्डा, दामापुर या फिर कंझेटा हायर सेकेण्डरी स्कूल जाना पड़ता है। यहां भी दाखिला मिल गया तो ठीक है नहीं तो सीधे पाण्डातराई और पंडरिया का मुंह देखना पड़ता है जो विद्यार्थियों और उनके पालकों के लिए बहुत ही कठिन है। बताया जाता है विद्यार्थियों और पालकों की इस समस्या को देखते हुए रमन शासन काल से लेकर कांग्रेस शासन काल के दौरान भी कोलेगांव हाई स्कूल को हायर सेकेण्डरी के रूप में उन्नयन किए जाने की मांग लगातार की जा रही है लेकिन जिम्मेदारों ने इस और कई कोई ध्यान नहीं दिया अब एक फिर भाजपा की सरकार में क्षेत्रवासियों को कोलेगांव हाई स्कूल के उन्नयन की मांग की है। ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों और विशेषकर बालिकाओं को अपने गांव में सुविधा पूर्ण ढंग से हायर सेकेण्डरी स्कूल की सुविधा मिल सके और वे अपनी आगे की पढ़ाई लिखाई जारी रख सकें। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होने सुशासन तिहार में इस बात की मांग की है। देखने वाली बात होगी कि सुशासन तिहार के माध्यम से क्या ग्रामीणों की यह वर्षो पूरी मांग पूरी होती है।

# चिराग मिश्रा ने सीबीएसई 10 वीं बोर्ड में प्राप्त किया उत्कृष्ट स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सीबीएसई 10 वीं बोर्ड परीक्षा में जिले के ग्रामीण अंचलों में निवासरत विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत व लगन के दम पर शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। इसी कड़ी में जिले के ग्राम राम्हेपुर में निवासरत गुरुकुल पब्लिक स्कूल महाराजपुर के होनहार छात्र चिराग मिश्रा (रितेश) ने कक्षा 10 वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। अपनी इस शानदार सफलता से गदगद चिराग ने चर्चा के दौरान बताया कि वे आगे की पढ़ाई गणित विषय लेकर जारी रखेंगे। उन्होने बताया कि उन्होने यह उपलब्धि स्वयं की मेहनत से बगैर ट्यूशन व कोचिंग के हासिल की है। उन्होने कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति पूरी ईमानदारी, लगन व मेहनत से परिश्रम किया जाए तो कोई भी परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। यहां बताना लाजिमी होगा



कि चिराग मिश्रा ग्राम राम्हेपुर से प्रतिदिन 22 किलो मीटर दूर स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल महाराजपुर कवर्धा आना जाना करते रहे हैं। उसके बाद यह उपलब्धि हासिल करना निश्चित रूप से बड़ी बात है। चिराग के पिता ऋषि मिश्रा (छोटे) तथा माता सारिका मिश्रा ने बताया कि चिराग शुरू से पढ़ाई के प्रति मेहनती है वह पढ़ाई के साथ-साथ एक अच्छा पेंटर भी है जो किसी की भी फोटो चंद मिनटों में बना सकता हैं। उसकी इस शानदार उपलब्धि पर परिजनो के साथ उनके सहपाठियों तथा स्कूल शिक्षक शिक्षिकाओं व शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

# पाण्डातराई की घोघरा नदी में मिला अज्ञात बालक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के पाण्डातराई थाना क्षेत्र से होकर बहने वाली घोघरा नदी के किनारे बसे ग्रामों में मंगलवार की दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय ग्रामीणों ने नदी में एक अज्ञात बालक शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पाण्डातराई पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पी पहुंची पुलिस ने नदी से मृतक बालक का शव बरामद कर लिया है और बच्चे की पहचान कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन बताया जाता है कि घटना स्थल के साथ आपास के ग्रामों के लोगों से पूछताछ के बाद भी अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। इस संबंध में पाण्डातराई पुलिस का कहना है कि बच्चा कहीं बाहर गांव का हो सकता है जो नदी में नहाने के दौर गहरे पानी में डूब गया होगा और बह कर यहां पहुंच गया है। बच्चे की उम्र 6-7 साल वर्ष बताई जा रही है। अब पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में गुमशुदगी का पता लागया जा रहा है।



# समितियों से फटी बोरी में किसानों को मिल रही है कम खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में संचालित सेवा सहकारी समितियों में एक तो जरूरतमंद किसानो को पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद यूरिया, पोटास, राखड़ आदि मिल नहीं पा रहा है और जो मिल भी रहा है उनकी बोरियां फटी हुई है और उसमें भराव की मात्रा भी कम है। ऐसी ही एक शिकायत जिले के विकासखण्ड बोड़ला में संचालित ग्राम कुसुमघटा तथा खड़ौदा की सेवा सहकारी समिति से सामने आई है। यहां के पंजीकृत किसानो ने बताया कि इन दोनो ही सेवा सहकारी समितियों से किसानो को जो खाद की बोरिया दी जा रही है वह फटी हुई है और इनमें निर्धारित वजन से 2 से 5 किलो तक खाद कम है। जबकि समिति द्वारा किसानो से खाद कम होने के बाद भी पूरी राशि वसूली जा रही है। इससे किसानो को नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं किसानो ने शिकायत दर्ज कराई है कि इन दोनो ही समितियों में किसानो के लिए न तो बैठने की व्यवस्था है और न ही सेड लगा हुआ है जिससे किसानो को घंटों में धूप में खड़े रहना पड़ता है। किसानो ने समस्याओं के समाधान की मांग की है।



## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही ने किया गृह प्रवेश



**कवर्धा।** राज्य भर में 13 मई 2025 को प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 51 हजार हितग्राहियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बरपेलाटोला में प्रधान मंत्री आवास योजना की हितग्राही श्रीमती लगनी पटेल के नव निर्मित पक्का भवन की चाबी सौंपकर उनके परिवार को गृह प्रवेश कराया गया। नया पक्का घर पाकर लगनी पटेल बहुत खुश नजर आ रही थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया। गृह प्रवेश कार्यक्रम में जिला एवं जनपद पंचायत के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नए भवन की लगनी बाई पटेल को बधाई दी और सभी का मुंह मीठा कराया। गृह प्रवेश कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि विजय पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिरसिंह पटेल, कुंभकरण सिंह गोंड़ पूर्व जनपद सदस्य, श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे जनपद सदस्य, सरपंच श्रीमती पुष्पा बोधन पटेल, सचिव रामशरण सिंह राजपूत, डीईओ केशव साहू, जिला समन्वयक श्रीमती प्रीति साव, ब्लॉक समन्वयक श्रीमती श्रीहनी बख्शी, तकनीकी सहायक योगिता देवांगन, अभय भूषण शर्मा, युवराज पटेल आदि उपस्थित थे।

**निर्माण कार्यों में प्रगति, उच्च गुणवत्ता व निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश**

# कलेक्टर गोपाल ने कवर्धा के निर्माणाधीन चौपाटी एवं सड़क का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को कवर्धा शहर के सौंदर्यीकरण और अधोसंरचना विकास की दिशा में चल रहे सरदार पटेल मैदान के सामने निर्माणाधीन चौपाटी और घोठिया रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए तेज गति और उच्च गुणवत्ता के साथ कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम मुकेश रावटे, सीएमओं रोहित साहू, तहसीलदार भूपेन्द्र तांडेकर, विकास जैन सहित संबधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कवर्धा एसडीएम और नगर पालिका के सीएमओ को निर्देशित किया कि एक सक्षम टीम गठित कर प्रतिदिन कार्यों की प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रतिदिन दिन किए जाने वाले कार्यों की रिपोर्टिंग तैयार करे और उनके अनुरूप कार्यों को पूरा करे। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से निर्माण स्थल पर निरीक्षण करते हुए कार्यों की निगरानी रखी जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यह स्पष्ट किया कि किस दिन कौन-से कार्य पूरे किए जाएंगे, इसका विस्तृत वर्क प्लान तैयार किया जाए, जिससे निर्माण कार्यों की गति और गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि यह कार्य उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशा के अनुरूप है, जो कवर्धा शहर को आधुनिक, व्यवस्थित और नागरिकों के लिए सुविधा सम्पन्न बनाना चाहते हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने इसके बाद ठाकुर देव चौक से जुनवानी मार्ग तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण में लगी एजेंसी और ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से बरसात से पहले सभी नालियों के निर्माण को प्राथमिकता देने की बात कही ताकि शहर में जलभराव की समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्माण कार्य जनहित से जुड़े हैं और इनकी गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ति से आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखें और स्थानीय नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को अमल में लाएं।



# संस्कार पब्लिक स्कूल, राम्हेपुर (एन) के छात्रों ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान

इस वर्ष हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में समीपस्थ ग्राम राम्हेपुर एन स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा प्राची साहू ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि मुंगेली जिले में दसवां स्थान हासिल कर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वहीं दीक्षा सिंह ठाकुर ने 95.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और कमता प्रसाद ने 90.33 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अन्य मेधावी विद्यार्थियों ने भी शानदार अंक प्राप्त किए जिनमें लिलिमा साहू 88.83 प्रतिशत, चंदन सिंह 88.83 प्रतिशत, प्रभात चन्द्रा 88.16 प्रतिशत, श्रीओम 88.16 प्रतिशत, शुभम सोनवानी 88.16 प्रतिशत, चन्द्रकुमार साहू 87.5 प्रतिशत, आंचल मरावी 76.5 तथा विजय कुमार ने 76.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, हमारे विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

